CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:04 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 297 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 27 मई 2025

कान 2025 में लगे आरोपों पर उर्वशी...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## अधिवक्ता सुभाष उपाध्याय को एडिशनल जज नियुक्त किया



**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाष उपाध्याय को उत्तराखंड हाईकोर्ट का एडिशनल जज नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी दी है । बता दें कि सुभाष उपाध्याय को हाईकोर्ट का जज बनाये जाने की संस्तुति उत्तराखंड के हाईकोर्ट की कॉलिजियम ने सितम्बर 2022 में की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट की कॉलिजियम ने 12 अप्रैल 2023 को सुभाष उपाध्याय को उत्तराखंड हाईकोर्ट का जज बनाये जाने की संस्तुति की थी और 2 साल के इंतजार के बाद अब उन्हें जज बनाये जाने के आदेश हुए हैं। काबिलेगौर है कि सुभाष उपाध्याय हाईकोर्ट में मुख्य स्थायी अधिवक्ता सहित कई पदों में भी रहे हैं, उन्हें हाईकोर्ट का जज बनाये जाने पर अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल है, उनके आगामी 2 जून (सोमवार) को न्यायधीश के रूप में शपथ लेने की संभावना है । उनके शपथ ग्रहण के बाद उत्तराखंड हाईकोर्ट में जजों की संख्या 10 हो जाएगी ।

## गुरु दक्षता फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत सत्र आयोजित

**नैनीताल ।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस में चल रहे गुरु दक्षता फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत एक अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खडग्पुर के उन्नत प्रौद्योगिकी विकास केंद्र के एसोसिएट प्रोफेसर एवं सेंटर फ ॉर टीचिंग लर्निंग एंड वर्चुअल स्किलिंग के चेयरमैन डॉ. श्यामल कुमार दास मंडल द्वारा संचालित किया गया। सत्र के दौरान डॉ. मंडल ने आउटकम बेस्ड असेसमेंट को लागू करने की प्रक्रिया पर गहन चर्चा की। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि मान्यता केवल कागजी प्रक्रिया नहीं है बल्कि इसे शिक्षण के दैनिक अभ्यासों में प्रभावी रूप से एकीकृत करना आवश्यक है।

# मां नैना देवी मंदिर का स्थापना दिवस, श्रीमद देवी भागवत कथा आयोजित

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

मां नैना देवी मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर में मंगलवार से श्रीमद देवी भागवत कथा के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को फूल मालाओं से सजाया गया है और मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है।
प्रात: मंदिर परिसर में कलश यात्रा निकाली गई जिसके बाद मंदिर में कलश स्थापना की गई। सबसे पहले मंदिर परिसर में गणेश पूजन किया गया और फिर पुण्य वचन के बाद प्रधान दिया जलाया गया। शाम 3 बजे से व्यास कपिल देव (सागर भट्ट) कथा प्रारंभ करेंगे जिसके बाद शाम को प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम मे
मुख्य यजमान के रूप में मां नंदा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह तथा उनकी पत्नी मीता साह रही। साथ ही सचिव हेमंत साह, उपसचिव प्रदीप साह, उपादक्ष्य घनश्याम लाल साह, वरिष्ठ न्यासी महेश लाल साह, मनोज चौधरी, शैलेंद्र मेलकानी, सुमन साह, अमिता साह, मंजू रौतेला, नीमा भंडारी सहित मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।





गुजरात में पीएम मोदी ने भरी हुंकार

# हमें अपने ब्रांड पर मेड इन इंडिया पर गर्व होना चाहिए

**नई दिल्ली/गुजरात**
**एजेंसी**

पीएम मोदी ने गुजरात में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि कहा कि हम अपनी जरूरत की ज्यादातर चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे हैं। पर ये चीजें अब देश में ही उपलब्ध हैं। हमारी जरूरत की 90त्न से अधिक और अच्छी चीजें देश में ही उपलब्ध हैं। हमें उनका इस्तेमल करना चाहिए। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में पिछले दो दशकों में सुधार कार्यों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान, गांधी नगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने देश के ब्रांड पर गर्व करना चाहिए। हमें मेड इन इंडिया पर गर्व करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी जरूरत की ज्यादातर चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे हैं। पर ये चीजें अब देश में ही उपलब्ध हैं। हमारी जरूरत की 90त्न से अधिक और अच्छी चीजें देश में ही उपलब्ध हैं।




हमें उनका इस्तेमल करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा, %मुझे याद है कि हमने छठे से पांचवें स्थान पर पहुंचने का जश्न मनाया था। यह क्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण था, क्योंकि हमने उसी देश को पीछे छोड़ दिया, जिसने 250 वर्षों तक हम पर शासन किया। अब, जब हम चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दबाव बढ़ रहा है। उससे भी अधिक दृढ़ संकल्प की जरूरत है। यह देश अब इंतजार नहीं करना चाहता। अगर कोई सुझाव देता है कि हमें धैर्य रखना चाहिए, तो आप आवाजें सुन सकते हैं कि %मोदी है तो मुमकिन है।% इसलिए हमारा स्पष्ट लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। पीएम मोदी ने ने कहा कि 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला। उस समय, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी। इस दौरान हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी, पड़ोसियों से भी मुसीबतें झेलीं। प्राकृतिक आपदा भी झेली इसके बावजूद इतने कम समय में हम 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने में कामयाब रहे।

# पुलिस कर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें: आईजी

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर शुरू किए गए फिट उत्तराखंड अभियान को सफल बनाने के लिए कुमायूँ पुलिस ने स्वास्थ्य उन्नयन की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कुमायूँ परिक्षेत्र श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल ने क्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे पुलिस कर्मियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आईजी ने कहा कि पुलिस बल की दक्षता और सजगता के लिए आवश्यक है कि वह शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से संतुलित हो। इसी उद्देश्य से सभी जनपदों में प्रत्येक शुक्रवार को बीमार पुलिस कर्मियों की विशेष उपस्थिति के साथ स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। आईजी ने कहा कि मोटापा, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज जैसी बीमारियों से जूझ रहे कर्मियों को चिन्हित कर उनका विस्तृत स्वास्थ्य मूल्यांकन कराया जाए। इसके अलावा, पोषण विशेषज्ञों द्वारा परामर्श देकर उनकी जीवनशैली में सुधार लाने की योजना पर भी काम होगा। प्रत्येक जनपद में प्रतिसार निरीक्षकों को पुलिस स्वास्थ्य कल्याण अधिकारी नामित किया गया है, जो स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी करेंगे। आईजी अग्रवाल ने कहा कि कैंसर, हृदय रोग, किडनी व लीवर से जुड़ी गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर अवकाश देने और आवश्यक होने पर जीवन रक्षक निधि से आर्थिक सहायता देने का प्रावधान भी किया गया है। जिन पुलिसकर्मियों का उपचार आयुष्मान योजना या गोल्डन कार्ड पैनल से बाहर हो रहा है, उनके मेडिकल खर्चों की प्रतिपूर्ति के लिए स्वास्थ्य प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। आईजी ने कहा कि गंभीर रोग से ग्रसित कर्मियों के परिवारों से नियमित संवाद एक मानवीय कर्तव्य है। इसलिए संबंधित पुलिस उपाधीक्षक एवं प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया है कि वे मास में कम से कम एक बार फोन अथवा व्यक्तिगत भेंट कर परिवार की समस्याओं का संज्ञान लें और उनका समाधान कराएं।

# सूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखंड में सांस्कृतिक दलों के पंजीकरण शुरू

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

मंडल के 6 जनपदों के सांस्कृतिक दलों के सूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखंड में पंजीकरण हेतु हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार से ऑडिशन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है। सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों का विभागीय गीत नाट्य योजना के तहत पंजीकृत सांस्कृतिक दलों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाता है। इसके तहत गढ़वाल मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों का ऑडिशन सूचना भवन देहरादून में विगत 13 मई से 20 मई तक संपन्न हुआ। कुमांऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों का ऑडिशन हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज में प्रारम्भ हो गया है जो 30 मई, 2025 को संपन्न होगा। सांस्कृतिक दलों की चयन प्रक्रिया में संस्कृति के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं वरिष्ठ संस्कृति व रंग कर्मी अनिल घिल्डियाल घनश्याम भट्ट, केन्द्रीय संचार ब्यूरो से श्रद्धा गुरुरानी, भारतखंडे अल्मोड़ा से सुनील कुमार एवं सूचना अधिकारी हल्द्वानी मीडिया सेंटर प्रियंका जोशी शामिल है। आज पिथौरागढ़ एवं चम्पावत जिले के दलों का, 28 मई को बागेश्वर, 29 मई को अल्मोड़ा तथा 30 मई को नैनीताल जिले के सास्कृतिक दलों का ऑडीशन होगा। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी नैनीताल गिरिजा जोशी, उधम सिंह नगर गोविन्द बिष्ट, व्यवस्था अधिकारी सूचना विभाग रामपाल सिंह रावत सहित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# देवखड़ी नाले के ऊपर अतिक्रमण कर बने मकानों पर होगी कार्रवाई

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

हाइडील में देवखड़ी नाला है जो कि हर साल बरसात में तबाही मचाता है जिस कारण मिश्रा कुंज हाइडल गेट टाइगर कॉलोनी तक लोगों के घरों में पानी और मिट्टी भर जाता है। इसका मुख्य कारण देवखरी नाले के ऊपर अतिक्रमण कर नाले के ऊपर मकान बनाया गया है।

नगर आयुक्त और एसडीम के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया प्रशासन टीम द्वारा मकान स्वामी से आवश्यक दस्तावेज मांगे गए पर मौके पर कोई भी दस्तावेज दिखाने से मना कर दिया गया। प्रशासन ने अल्य क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही उचित कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त करने का आश्वासन दिया गया। मकान स्वामी द्वारा ये कहा



जा रहा है कि नगर निगम में दस्तावेजों पर दर्ज है अब इस बात पर सवाल उठता है कि सरकारी नालियों को स्वामित कैसे दे दिया, पूर्व में हल्द्वानी एवं ग्रामीणों को कितना नुकसान हुआ है। किसकी वजह से, अतिक्रमणकारियों की वजह से,थोड़ा सा रसूखदार नेताओं के साथ पहचान हो गई तो कुछ भी संभव हो जाता है, आज सरकारी दस्तावजों के अनुसार ऐसे बहुत सी नदी नालियां हैं जो सरकारी दस्तावजों में दर्ज है लेकिन उन नदी नालों पर आज बहुमंजली इमारत बना दी गई है। बरसाती नहर हुआ करती थी तिकोनिया से लेकर वर्कशॉप लाइन होते हुए रोडवेज बस स्टेशन से मटर गली एवं मीरा मार्ग से होते हुए मंगल पड़ाव से बरेली रोड पर मिलती थी आज सब विलुप्त हो चुकी है। आखिर बरसात का पानी कहा जायेगा।

# मोटर साइकिल चोरी गिरोह का पर्दाफाश, नौ मोटर साइकिलें बरामद

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल की पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक सक्रिय मोटर साइकिल चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इन दोनों के कब्जे से 9 चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं। आरोपियों को नैनीताल के मंगोली क्षेत्र से पकड़ा गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई सीसीटीवी और मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की।

जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने सोमवार को पुलिस लाईन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि पिछले कुछ समय से नैनीताल शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार मोटर साइकिल चोरी की घटनाएं तेजी से सामने आ रही थीं। शहर में भी मोटर साइकिल चोरी की बात नैनीताल निवासी भूपेंद्र सिंह,फैजान व दीपांशु और मुकेश पांडे ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट वाली में दर्ज कराई जिसके बाद



एसपी सिटी के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन कर मामलों की जांच सौपी गई। टीम ने करीब 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की और संभावित रूट तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की।

जांच के बाद पुलिस को पता चला कि चोर गिरोह समीपवर्ती मंगोली क्षेत्र में सक्रिय है। इसके बाद पुलिस ने रणनीति बनाकर मंगोली में छापेमारी की जहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चोरी करते थे और उन्हें मंगोली के पास जंगल में छिपा देते थेए ताकि किसी को शक न हो। जब माहौल शांत होता तो वे उन मोटरसाइकिलों को बेचने की योजना बनाते थे गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान घुग्घू खाम निवासी दीपक सिंह बिष्ट और बाजपुर बन्ना खेड़ा निवासी आकाश के रूप में हुई है। पुलिस दोनों आरोपी के आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और इनका एक आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चार स्प्लेंडरए तीन अपाचे और दो बुलेट समेत 9 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं जिनमें से कुछ की पहचान उनके असली मालिकों द्वारा कर ली गई है। शेष बाइकों के मालिकों का पता लगाने की प्रक्रिया जारी है। मीणा के मुताबिक पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है और जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि गिरोह का नेटवर्क और भी बड़ा हो सकता है और आने वाले समय में और भी खुलासे हो सकते हैं। खुलासा करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक विजय कुमार, कांस्टेबल बृज मोहन, वीरेंद्र गोले, राजेंद्र कुमार, शाहिद अली, मनीष कुमार समेत सुमित चौधरी मौजूद रहे जिन्हें ढाई हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

## आर्थिक तंगी से परेशान होकर बनाया प्लान

नैनीताल । पुलिस के हत्थे चढ़े बाइक चोर आपस में रिश्तेदार हैं, पुलिक की मानें तो दीपक और आकाश साढ़ू भाई हैं दोनों ही लोग लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। इसी दौरान आकाश एक दिन बाजपुर से अपने रिश्तेदार दीपक के घर घुग्घू खाम पहुंचा जहां उन्होंने मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें दूसरे राज्यों में बेचने का प्लान बनाया इसके बाद उन्होंने नैनीताल हल्द्वानी और बाजपुर क्षेत्र से 9 मोटरसाइकिल चोरी कर मंगोली के जंगल में छुपा दी। ताकि मोटरसाइकिल चोरी की घटना के बाद जब मामला शांत हो जाए, तो उन्हें आसानी से दूसरे क्षेत्रों में जाकर बेच सके लेकिन इससे पहले ही दोनों के कारनामे खुल गए और दोनों भाई आज पुलिस के हत्थे चढ़ गए जिन्हें अब पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी की है।



# प्रशासनिक व विकासात्मक एवं पर्यटन संबंधी स्थिति की समीक्षा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने सोमवार को राजभवन नैनीताल में कुमाऊं मंडल एवं नैनीताल जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें कर क्षेत्र की प्रशासनिक व विकासात्मक एवं पर्यटन संबंधी स्थिति की समीक्षा की।

राज्यपाल ने सर्वप्रथम कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मंडल से जुड़े प्रमुख विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यटन सीजन के चलते नैनीताल में पर्यटकों का अत्यधिक दबाव देखा जा रहा है जिससे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने ट्रैफि क जाम की स्थाई समस्या के समाधान हेतु दीर्घकालिक योजना बनाने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने कहा कि नैनीताल के अतिरिक्त वैकल्पिक पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटक दबाव को संतुलित किया जाना चाहिए जिससे समग्र पर्यटन विकास सुनिश्चित हो सके। राज्यपाल ने आईजी कुमाऊं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल से कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी वंदना और एसएसपी पी.एन. मीणा से जिले में चल रहे विकास कार्यों और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटकों की सुविधाएं तथा स्थानीय नागरिकों की सहूलियत और क्षेत्रीय विकास के लिए सभी योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए।

# सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन सतर्क, निरीक्षण किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर में लगातार हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर काठगोदाम नरीमन क्षेत्र में डिवाइडर पर हुई दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को अधिकारियों की संयुक्त टीम ने चौराहे का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम राहुल शाह, संभागीय परिवहन अधिकारी गुरुदेव सिंह, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अनिल कानोजिया एवं यूयूएसडीए हल्द्वानी के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

यहां टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स के ट्रांसपोर्ट विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार नरीमन चौराहे पर संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए वाटर बॉलर्ड से घोस्ट आइलैंड को स्थापित किया गया है। जिससे संभावित दुर्घानटनॉ को रोक जा सके। साथ ही, लोक निर्माण विभाग को सड़क की पुरानी मार्किंग हटाकर नई साइनज एवं मार्किंग लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे यातायात नियंत्रित रह सके। उक्त व्यवस्था का एक सप्ताह का ट्रायल किया जाएगा। जिसके पश्चात आगे की आवश्यक कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी।



## NEWS / फटाफट

### समर कैंपः संस्कृति की रंगीन झलकियों के साथ संपन्न



नैनीताल । नगर के प्रतिष्ठित बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के तत्वावधान में चल रहा भारतीय भाषा समर कैंप सोमवार को भाषा और संस्कृति की रंगीन झलकियों के साथ संपन्न हुआ। मुख्य आकर्षण कुमाऊंनी भाषा में संवाद व अभ्यास रहा जिसमें बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक अभिवादन, दैनिक वार्तालाप और गीतों के माध्यम से कुमाऊंनी भाषा की जीवंतता को अनुभव किया। कालेज प्रबंधन के मुताबिक भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि संस्कृति की आत्मा होती है। इस प्रकार के आयोजन हमारे युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। समापन एक लोक कथा वाचन सत्र के साथ हुआ जिसमें बगड्या भुलि और नैण सिंह रावत जैसी कहानियाँ सुनाई गयी जिससे बच्चों को कुमाऊं की गौरवशाली परंपरा और इतिहास से परिचित कराया गया।

### पत्रकार कमल जोशी को पितृ शोक



हल्द्वानी। युवा पत्रकार कमल जोशी के पिता 80 वर्षीय भैरव दत्त जोशी का आज प्रातः लंबी बीमारी के पश्चात् निधन हों गया। वह मूलतः चम्पावत लोहाघाट निवासी थे और कई वर्ष पूर्व हल्द्वानी में रह रहें थे। वह अपने पीछे 5 पुत्र और भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर छा गयी और सभी ने घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। रानीबाग चित्रशीला घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय तलवाड़, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी, महामंत्री रवि दुर्गापाल, सुनील तलवाड़, अजय चौहान, सुशील शर्मा, अनुराग वर्मा, प्रवीण चोपडा, सलीम खान, एम हसनैन, गिरीश जोशी, अरविन्द मालिक, सरताज आलम, साहबेज खान, दीपक भंडारी, राहुल दरमवाल आदि पत्रकारों ने राणीबाग़ पहुँच अंतिम श्रद्धांजलि दी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में राष्ट्रीय निर्णायक प्रशिक्षण कार्यशाला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार( पूर्ण आवासीय विद्यालय) में चल रही राष्ट्रीय निर्णायक प्रशिक्षण कार्यशाला के तहत सोमवार को दूसरे दिन स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन और मस्तिष्क होता है विषय पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विषय को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया।

उन्होंने देशभर से आए शारीरिक प्रमुखों एवं ताइक्कांडो प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यवस्थित दिनचर्या एवं नियमित व्यायाम से छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम में विद्या भारती के क्षेत्रीय खेल प्रमुख सत्यपाल एवं रविंद्र की उपस्थिति रही। उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उमेश शर्मा ने




कार्यशाला को एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने विशेष रूप से ताइक्कांडो में हो रहे नियमों में परिवर्तन व सेंसर तकनीक का प्रयोगए और उसके माध्यम से अंक गणना की प्रक्रिया पर चर्चा की। प्रशिक्षकों को इन आधुनिक परिवर्तनों को समझने और सिखाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम संयोजक विक्रांत चौधरी, सह संयोजक प्रियांशु जोशी एवं प्रशिक्षक अमित कर्ण, दुर्गेश तथा आदित्य की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। इन सभी के समन्वय से कार्यशाला का संचालन सुचारु रूप से हुआ।

# मेधावी छात्र गौरव को मिली 564वीं रैंक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ढोकाने में पढ़ने वाले मेधावी छात्र गौरव छिम्वाल के लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 564वीं रैंक लाकर क्षेत्र और नैनीताल जिले का नाम रोशन किया है।

बता दें सोमवार को विद्यालय प्रबंधन ने गौरव छिम्वाल का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना से की गई। मुख्य अतिथि हेम चंद्र आर्य ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि में विद्यालय के बच्चों के लिए कंप्यूटर भेंट किया। विद्यालय प्रबंधन ने गौरव का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान गौरव ने बताया कि लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने के लिए उन्होंने 5 साल कड़ी मेहनत की उन्होंने बताया



कि वह अपने घर से 8 किलोमीटर पैदल चलकर विद्यालय जाते थे। उन्होंने 10वीं की परीक्षा अटल उत्कृष्ट राइका कॉलेज ढोकाने नैनीताल से किया तथा सोबन सिंह जीना अल्मोड़ा में बीएससी की उसके बाद उन्होंने एमए हिंदी से किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और अपने माता.पिता को दिया है। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने सामाजिक कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य को विद्यालय में लंबे समय से अध्यापकों और स्टाफ की कमी के बारे में अवगत कराया। सामाजिक कार्यकर्ता हेमचंद्र आर्य ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही शिक्षा मंत्री से मिलकर विद्यालय में अध्यापकों और स्टाफ की कमी को पूरा करेंगे। इस दौरान प्रधानाचार्य मोहन प्रसाद आर्य, मनोज, मोहन चंद्र, आनंद प्रकाश, लता,पुष्पा आर्य, प्रेम बिष्ट, प्रताप तथा पूरन चंद्र पंत, दीपक कुमार, मनोज कुमार, हिमांशु व भीम सिंह, ललित कुमार व पूजा नैनवाल, आरती, मदन मोहन सुयाल, नरेंद्र मोहन छिम्वाल, तरुण कांडपाल, भीम सिंह, पवन सिंह जलाल व सदी राम आर्य और विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहे।

# अभिमत

## सच और न्याय

***न्यायपालिका में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संवैधानिक पदों पर नियुक्तियों में आरक्षण नहीं हो सकता। कई बार उपयुक्त व्यक्ति का मिलना मुश्किल होता है। जब जाति के आधार पर जज पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं मिलता है, तो सवाल यह है कि अन्य पदों पर कम योग्य व्यक्ति को क्यों नियुक्त किया जाता है? महिला जजों की कम संख्या का कारण भी उपयुक्त व्यक्ति का नहीं मिलना है।***

आरक्षण की नीति हमेशा से विवादित रही है। राजनीतिक स्वार्थ के कारण सरकारी विभागों में आरक्षण खत्म नहीं किया जा रहा है। जाति आधारित आरक्षण से अनारक्षित जाति के योग्य युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सच स्वीकार करते हुए न्याय की बात कही है, लेकिन सिर्फ न्यायाधीशों की नियुक्ति तक सीमित है। न्यायपालिका में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संवैधानिक पदों पर नियुक्तियों में आरक्षण नहीं हो सकता। कई बार उपयुक्त व्यक्ति का मिलना मुश्किल होता है। जब जाति के आधार पर जज पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं मिलता है, तो सवाल यह है कि अन्य पदों पर कम योग्य व्यक्ति को क्यों नियुक्त किया जाता है? महिला जजों की कम संख्या का कारण भी उपयुक्त व्यक्ति का नहीं मिलना है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में कोलिजियम से नियुक्ति पर केन्द्र और शीर्ष अदालत के बीच मतभेद है, इसी लिए शीर्ष अदालत की कोलिजियम और केन्द्र द्वारा अनुशासित नामों को मंजूरी नहीं दिए जाने संबंधी सवाल पर टिप्पणी से मुख्य न्यायाधीश ने इन्कार कर दिया। कोलिजियम को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच विवाद से सरोकार नहीं है। मुख्य मुद्दा यह है कि जाति के आधार पर आरक्षण न्यायसंगत नहीं है। जिस तरह संवैधानिक पदों पर आरक्षण उचित नहीं है और योग्य तथा उपयुक्त व्यक्ति की आवश्यकता है, उसी तरह सभी सरकारी विभागों में भी योग्य व्यक्ति होना चाहिए। सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों को जाति के आधार पर नियुक्ति मिलने से कार्यपालिका में विकृति उत्पन्न हो गई है। बिना पहुंच वाले व्यक्ति का सरकारी विभागों में कार्य कराना असंभव नहीं तो कठिन है। विश्वनाथ प्रताप सिंह जब प्रधानमंत्री बने थे, तो मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू की थीं। उस समय पूरे देश में जाति के आधार पर आरक्षण के खिलाफ उग्र आंदोलन हुआ था। विशेषज्ञों ने जाति आधारित आरक्षण खत्म करके आर्थिक आधार पर आरक्षण का सुझाव दिया था। संविधान में दलित जाति के लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए दस वर्ष तक आरक्षण का प्रावधान किया गया था, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के तहत आरक्षण 70 साल से जारी है। आरक्षित जाति में भी कुछ लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी आरक्षण का लाभ मिल रहा है और अन्य लोग और पिछड़ते जा रहे हैं। आरक्षण से समाज में दुर्भावना बढ़ रही है।

# भारतीय जु-जित्सू टीम ने जीते 17 पदक

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



भारत ने 2025 नौवीं जु-जित्सू एशियन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 5 रजत व 10 कांस्य पदक सहित 17 मेडल जीते। उत्तराखंड की जु-जित्सू खिलाड़ी नव्या पाण्डेय ओर हरियाणा की सूचिका तरियाल ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी शानदार लय बरकरार रखी।

जानकारी देते हुए जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के मीडिया एंड पब्लिसिटी कमीशन के चैयरमैन ऋषि पाल भारती ने बताया कि अम्मान, जॉर्डन देश में चल रही नौवीं एशियन जु-जित्सू चैंपियनशिप में भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, पांच रजत व 10 कांस्य पदक सहित कुल 17 पदक जीतकर 27 देशों की पदक श्रृंखला में नौवीं रैंक हासिल कर भारत देश का मान बढ़ाया। चैयरमैन भारती ने बताया कि जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष एवं भारतीय टीम के हेड कोच रेशी विनय कुमार जोशी, टीम मैनेजर व महासचिव अमित अरोरा, कोच अमरजीत सिंह, जवान सिंह की अगुवाई में भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने अपने शानदार रिकॉर्ड्स को प्रदर्शित किया, जहां अनुभवी और युवा प्रतिभाओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय जु-जित्सू सीनियर टीम में शामिल उत्तराखंड की नव्या पांडेय ने 45 किग्रा की महिला फाइटिंग ओर कॉन्टैक्ट इवेंट्स में स्वर्ण, व रजत पदक, उत्तर प्रदेश की ऋचा शर्मा ने48 किग्रा की महिला फाइटिंग और कॉन्टैक्ट इवेंट्स में रजत पदक व कांस्य पदक, उड़ीसा की अनुपमा स्वैन ने 52 किग्रा की महिला फाइटिंग और कॉन्टैक्ट इवेंट्स में रजत पदक व कांस्य पदक, हरियाणा की सूचिका तरियाल ने 57 किग्रा की महिला फाइटिंग और कॉन्टैक्ट इवेंट्स में स्वर्ण व कांस्य पदक, उत्तर प्रदेश की नम्रता यादव ने कॉन्टैक्ट इवेंट में कांस्य पदक, हरियाणा की टीपू ने 70 किग्रा की महिला फाइटिंग इवेंट में कांस्य पदक, पंजाब की सीमा ने महिला कॉन्टैक्ट इवेंट में कांस्य पदक जीते। जबकि अंडर 21 टीम के खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश की लावण्या यादव ने 52 किग्रा की महिला फाइटिंग इवेंट में रजत पदक, उत्तर प्रदेश की लवली राजपूत ने कांस्य पदक व उत्तराखंड के क्षितिज सिंह और छत्तीसगढ़ की राणा वसुंधरा सिंह ने अंडर 21 की जु-जित्सू शो मिक्सड में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की शानदार जीत पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष विनय जोशी ने बधाई देते हुए कहा अपने कौशल, मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन दिखाया, भारतीय टीम की वापसी पर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड की अध्यक्षा रसिका सिद्दीकी, उपाध्यक ललित कर्नाटक, एक्सक्लूसिव डायरेक्टर सतीश जोशी, डीएसओ जानकी कार्की, एमआर शाहिद, संजय शाह, भारत भूषण चुघ, जॉनी हिराम तिग्गा, किशोर सिंह, अंकुश रौतेला, हिमा भट्ट, कमल सिंह, विश्वनाथ राजपूत आदि मौजूद रहे।

## उल्लेखनीय गतिविधियों के लिए किया सम्मानित

**नैनीताल** । लायंस क्लब ग्रीन सिटी की ओर से जिला मुख्यालय नैनीताल में रविवार को समाज सेवा, साहित्य सेवा, रक्तदान सेवा एवं महिला जागरूकता के प्रति उल्लेखनीय गतिविधियों के लिए ज्योति ढौडियाल तथा हेमा भट्ट को सम्मान स्वरूप टोकन के रूप में स्मृति चिन्ह सम्मान प्रदान कर अभिनंदन किया गया। बता दें लायंस क्लब ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी द्वारा दोनों विभूतियों को यह सम्मान प्रदान किया गया,वहीं सम्मान पाने के बाद दोनों विभूतियों ने डा.प्रमोद अग्रवाल के साथ ही शुभम अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मान पाने से हमें समाज सेवा में और अधिक प्राथमिकता से भागीदारी करने का मौका मिलेगा। बड़ा बाजार मल्लीताल स्थित द हिमालयन किचन की सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान दीपा पांडे, संगीता पंत, रानी शाह, आभा साह, विनीता पांडे, जीवंती भट्ट, प्रेमा अधिकारी, अर्चना साह, गीता पांडे, ममता जोशी, नीलू तथा विनीता शाह आदि महिलाएं भी उपस्थित थी। संचालन ज्योति ढौडियाल ने किया।

# सफलता: अपहृत नाबालिग लड़की सकुशल बरामद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

### केलाखेड़ा पुलिस 10 हजार और साईबर टीम को 5 हजार रुपए का ईनाम

पुलिस के मुताबिक एसएसपी ने थानाध्यक्ष केलाखेड़ा और उनकी टीम को उनके कुशल कार्य के लिए 10 हजार रुपए नगद इनाम प्रदान किया। साथ ही साईबर टीम को 5 हजार रुपए नगद इनाम प्रदान किया।

करीब एक माह पूर्व केलाखेड़ा थाना क्षेत्र से अपहृत हुई नाबालिग को पुलिस और एसओजी ने सकुशल बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने खुलासा करते हुए बताया कि लगभग एक महीने पहले लापता हुई एक नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में मुख्य अभियुक्त दानिश को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अथक प्रयासों, तकनीकी दक्षता और सूझबूझ से यह जटिल मामला सुलझ पाया।कई संगठनों के बीच बढ़ते आक्रोश को भी शांत किया। उन्होंने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब 28 अप्रैल 2025 को थाना केलाखेड़ा निवासी व्यक्ति ने अपनी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री के घर से लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए खुलासे के निर्देश दिए। उन्होंने चार विशेष टीमों का गठन किया और सर्विलांस, एसओजी (विशेष अभियान समूह) और साईबर टीमों को भी शामिल किया। गठित टीमों ने अपनी प्रारंभिक जांच में लगभग 80 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जो अपहृता के संभावित रास्ते में लगे थे। इसके अतिरिक्त, संदिग्धों, अपहृता और उनके परिजनों से संबंधित लगभग 75 मोबाइल नंबरों की सीडीआर का गहन विश्लेषण किया। संदिग्ध नंबरों से जुड़े व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई, जिसने जांच को सही दिशा में आगे बढ़ाया। एसएसपी ने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि नाबालिग अपहृता को दानिश अली पुत्र सफीक, निवासी रामनगर, थाना केलाखेड़ा भगाकर ले गया था। यह प्रकरण अत्यधिक संवेदनशील हो गया था। मिली जानकारी के आधार पर, पूर्व से गठित पुलिस टीमों ने अभियुक्त के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश देना शुरू किया। उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों के अलावा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु और मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में भी लगातार छापेमारी की गई । पुलिस की अथक मेहनत और सूझबूझ रंग लाई। पुलिस टीम ने अभियुक्त दानिश को नाबालिग अपहृता के साथ बरामद कर लिया। आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

ये रहे पुलिस टीम में शामिल संजय पाठक प्रभारी एसओजी, अशोक कुमार केलाखेड़ा थानाध्यक्ष,एसआई संजय बोरा,एसआई देवेन्द्र सिंह राजपूत, धीरेन्द्र सिंह परिहार, नरेश सिंह, रीता चौहान, एएसआई भूपेन्द्र सिंह, मोहित कुमार,हेड कांस्टेबल कैलाश तोमक्याल,प्रवीण कुमार, कांस्टेबल गणेश कुमार, दिनेश धपोला, महेन्द्र सिंह बिष्ट, महिला कांस्टेबल बलजीत कम्बोज।

# फिल्मी दुनिया

## कान 2025 में लगे आरोपों पर उर्वशी रौतेला का फूटा गुस्सा



*कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में उर्वशी रौतला ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का अब जवाब दिया है। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अब रिएक्शन दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इस वायरल वीडियो के बाद उर्वशी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया और कई यूजर्स ने उनके इस बर्ताव पर सवाल उठाया। यहां तक कि एक लोकप्रिय फैशन वॉचडॉग पेज ने भी उन पर निशाना साधते हुए उन्हें 'सीढ़ियां ब्लॉक करने वाली' तक कह दिया। इस आरोपों पर अब उर्वशी रौतेला ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और अपने बचाव में बड़ा बयान जारी किया है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था और इसके लिए उन्होंने आयोजन समिति से पूर्व अनुमति ली थी। उर्वशी ने बिना नाम लिए ट्रोल करने वालों पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ %नकाबपोश अकाउंट्स% बिना किसी जानकारी के झूठ फैलाते हैं और यह सब उन लोगों को निशाना बनाने का तरीका है जो देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ऊंचा कर रहे हैं।*

### लोग पचा नहीं पा रहे मेरी तारीफ

*उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उर्वशी ने कहा कि वो ऐसे ट्रोल्स को ब्लॉक कर चुकी हैं और लोगों से भी अपील की कि वो इस तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।*

*अभिनेत्री ने अपने पोस्ट में ये भी साफ किया कि उनके आत्मविश्वास और मेहनत को कोई कम नहीं कर सकता। उनका कहना था कि वो हमेशा से भारत की संस्कृति और पहचान को गौरव से प्रदर्शित करती आई हैं और आगे भी करेंगी।*

# नुमाइश के दौरान वीडियो बनाने को लेकर विवाद, रिवॉल्वर तानी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बरेली रोड स्थित गांधी इंटर कॉलेज मैदान में लगी नुमाइश के दौरान वीडियो बनाने को लेकर हुए विवाद में रविवार रात भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार कश्यप के बेटे आयुष के साथ दो सगे भाइयों ने मारपीट कर दी। जब भाजपा नेता मौके पर पहुंचे और विरोध जताया तो आरोपितों ने उन पर रिवॉल्वर तान दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया।

प्रगति कॉलोनी फेज-1 डहरिया निवासी महेंद्र कुमार कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मई को उनका बेटा आयुष अपने दोस्त रवि के साथ गांधी इंटर कॉलेज मैदान में लगी नुमाइश में गया था। दोनों वहां वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान नुमाइश प्रबंधन से जुड़े दो सगे भाइयों ने वीडियो बनाने पर एतराज जताया और आयुष से जबरन फोन छीनकर वीडियो डिलीट करवा दिया। जब आयुष और उसके दोस्त ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। इस पर आयुष ने पिता महेंद्र कश्यप को फोन कर जानकारी दी। कुछ देर बाद भाजपा नेता नुमाइश स्थल पहुंचे और जब उन्होंने अपने बेटे के साथ हुई घटना को लेकर सवाल किया, तो दोनों भाइयों ने गुस्से में आकर उनके सिर पर रिवॉल्वर तान दी। सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रिवॉल्वर को कब्जे में ले लिया। जांच में सामने आया कि पिस्टल लाइसेंसी थी, जिसे चेक करने के बाद लौटा दिया गया। फिलहाल हीरानगर चौकी प्रभारी को जांच सौंपी गई है और पुलिस ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

News कॉर्नर

## 25वें दिन भी जारी रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल** । संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 325वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत सोमवार को लखनऊ से आए पर्यटकों प्रमोद जोशी, हर्षित जोशी व नीलिमा जोशी ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया।

## एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रुद्रपुर।** किच्छा कोतवाली की लालपुर चौकी क्षेत्र में एक व्यक्ति के बेहोशी हालत में पड़े होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम को लालपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिंगवाल को एक व्यक्ति के बेहोशी की हालत में पड़े होने की सूचना मिली। इस पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से जानकारी लेने के बाद उसे अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर। चौकी प्रभारी के मुताबिक मृतक लालपुर निवासी 48 वर्षीय पुष्पेंद्र सिंह राठी पुत्र प्रीतम सिंह राठी आस्था कालोनी के पास बेहोशी में पड़ा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौत के कारणों को जानने को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के परिजन भी पहुंच गए। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। उधर परिवार में कोहराम मच गया।

# स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता स्मृति इंटरस्कूल खेल प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता स्मृति इंटरस्कूल खेल प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ बीएलएम अकादमी में हुआ, जिसके अन्तर्गत आज बैडमिंटन एवं टेनिस प्रतियोगिता शुरू हुई और चेस प्रतियोगिता 28 मई से शुरू होगी। बैडमिंटन प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में हल्द्वानी के विभिन्न स्कूलों के 140 खिलाड़ियों ने जिनमें शिवालिक इंटरनेशनल, दीक्षित इंटरनेशनल, ऑरम द ग्लोबल, इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल, आर्यमान विक्रम बिड़ला, एआरपी, सेंट थेरेसा, गुरुकुल इंटरनेशनल, शेमफोर्ड, एवरग्रीन, इम्मोर्टल,



डीपीएस और निमोनिक शामिल हैं ने भाग लिया साथ ही टैनिस प्रतियोगिता में जिला ऊधम सिंह नगर और नैनीताल के 12 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. समीर वर्मा, अध्यक्ष, जिला टेनिस एसोसिएशन नैनीताल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल महत्वपूर्ण हैं और इस तरह के आयोजन से भविष्य में नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। विशिष्ट अतिथि श्री हेम चंद्र पांडे, सचिव, जिला टेनिस सोसिएशन नैनीताल ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। टेनिस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राजेश कुमार ने निभाई, जबकि खेल विभाग के विभिन्न सदस्यों हर्ष गोयल, निश्चल जोशी, संजय सजवाण, दिनेश जोशी, रंजना बोरा और वंदना नेगी ने सहयोग किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं बी एल एम अकादमी की प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कंवर, उपप्रधानाचार्या संगीता माथुर एवं जूनियर समन्वयक यास्मिन अली ने सभी खिलाड़ियों से परिचय कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करी। टेनिस अंडर 15 बालक वर्ग में अक्षय बंसल विजेता एवं रेवंत बाटला उपविजेता रहे साथ ही अंडर 18 के फाइनल में आयुष जोशी एवं अक्षय बंसल ने प्रवेश करा, बालिका वर्ग अनाहिता, शिवगून और अर्शप्रीत ने प्रतिभाग करा। बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच कल खेले जाएंगे। जिला टेनिस एसोसिएशन नैनीताल सहयोग से टेनिस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। आयोजन का संचालन राज चौहान एवं हेमंत जोशी ने किया।

# युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशों के बाद पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कार्रवाई के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी हैं। एक युवती का यौन उत्पीड़न कर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के चंदौसी कस्बे से दबोचा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था, जिससे पीड़िता को भारी मानसिक आघात पहुंचा। इस मामले में

20 मई 2025 को ट्रांजिट कैंप निवासी एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। 18 मई 2025 को उनके पति की अनुपस्थिति में, उनके मूल गांव के निवासी और हाल निवासी ट्रांजिट कैंप दीनदयाल पुत्र नेतराम ने घर में घुसकर जबरन उनके साथ गलत दुष्कर्म किया।



**कार्रवाई**

- यूपी के चंदौसी से गिरफ्तार किया, जेल भेजा

आरोप है कि उसने इस घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन से बना लिया और उसे अपनी फेसबुक आईडी पर सोशल मीडिया में प्रसारित कर दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता और महिला अपराध को देखते हुए एसएसपी ने ट्रांजिट कैंप पुलिस को कार्रवाई को निर्देशित किया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। गिरफ्तारी से बचने को अभियुक्त दीनदयाल लगातार अपनी जगह बदल रहा था। पुलिस के मुताबिक 25 मई 2025 को रात 9:50 बजे अभियुक्त दीनदयाल पुत्र नेतराम को उसके मोबाइल फोन के साथ उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के चंदौसी कस्बे से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई अकरम अहमद,एएसआई चंद्र प्रकाश बवाड़ी,हेड कांस्टेबल अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने यूपी के नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले की पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में लिया तो उसके पास से अफीम बरामद हुई।

बरामद अफीम एक किलो ग्राम से अधिक है। पुलिस के मुताबिक एसपी काशीपुर अभय सिंह के निर्देश व सीओ बाजपुर के पर्यवेक्षण में गदरपुर पुलिस सोमवार को गदरपुर पुलिस शान्ति व्यवस्था,संदिग्धों और मादक पदार्थ की रोकथाम को चैकिंग कर रही। इसी बीच पुलिस महतोष मोड़ नबाबगंज रोड पर एक व्यक्ति संदिग्ध पुलिस को देख घबरा गया। पुलिस को उस पर संदेह हुआ और उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो अफीम बरामद हुई।

पूछताछ में उसने अपना नाम राजकुमार पुत्र अंगन लाल निवासी बिलसा थाना शीशगढ़ जनपद बरेली यूपी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया और जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस उसका आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस टीम थानाध्यक्ष जसवीर चौहान गदरपुर, प्रभारी चौकी महतोष पवन जोशी,कुन्दन सिंह आदि शामिल रहे।




# पुलिस ने जीजा की हत्या के मामले में दो भाइयों को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गफूर बस्ती में पारिवारिक विवाद के चलते जीजा की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो भाइयों, संजय और मनोज, को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में तीसरे आरोपी देवा, अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। तीनों भाइयों पर अपने जीजा की गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।



पुलिस के अनुसार, मृतक अमरीका (27 वर्ष), मूलरूप से दरियाबाग, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश का निवासी था और अपनी पत्नी आशा के साथ वनभूलपुरा की गफूर बस्ती में रहता था। वह कूड़ा बीनने का काम करता था। 18 मई की रात अमरीका और उसकी पत्नी आशा के बीच किसी बात को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि अमरीका ने आशा पर हाथ उठा दिया। आशा ने इसकी शिकायत अपने भाइयों—संजय, मनोज और देवा—से की। शिकायत मिलते ही तीनों भाई मौके पर पहुंचे और गुस्से में आकर अपने जीजा अमरीका की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस मारपीट में अमरीका को गंभीर चोटें आईं, और अगली सुबह, 19 मई को उसकी मौत हो गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वनभूलपुरा थाने में गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को संजय और मनोज को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपी, देवा, की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में जांच तेज कर दी है और सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों की मदद से फरार आरोपी को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

## डोर टू डोर कूड़ा जमा करने सेवा को लेकर बैठक

**नैनीताल** । नगर पालिका परिषद नैनीताल की ओर से संचालित डोर टू डोर कूड़ा जमा करने की सेवा को लेकर सोमवार को होटल एसोसिएशन और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ नगर पालिका में बैठक आयोजित हुई। होटल एसोसिएशन और व्यापार मंडल के सदस्यों ने शिकायत की है कि कूड़ा कलेक्शन का कार्य करने वाला ठेकेदार डोर टू डोर कूड़ा एकत्र नहीं कर रहा है। कहा कि यदि सेवा में सुधार नहीं हुआ तो विरोध करेंगे। पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि डोर टू डोर सेवा को सुचारू रूप से संचालित करे।

# होटल की दूसरी मंजिल से युवक ने लगाई छलांग, मौत

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

सोमवार की रात काशीपुर रोड होटल गंगेज में एक युवक ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर चौकी प्रभारी होशियार सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ पहुंची।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान 39 वर्षीय अरुण मलिक पुत्र ब्रह्मपाल निवासी फेस वन, कौशल्या, गंगापुर रोड, रुद्रपुर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक अरुण पेशे से ठेकेदार बताया जा रहा है। वर्तमान में अपने पिता के साथ रह रहा था। पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे अरुण ने होटल गंगेज में एक कमरा बुक किया था, जो होटल मैनेजर ने उसे दूसरी मंजिल पर दिया गया। रात लगभग 12 बजे उसने कमरे खिड़की के शीशा तोड़कर छलांग लगा दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। होटल कर्मचारियों के अनुसार अरुण इससे पहले भी कई बार होटल में आ चुका था। इस बार वह महज 100 लेकर होटल पहुंचा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में युवक के नशे में होने की बात सामने नहीं आई है। पूरे मामले की जांच आदर्श कॉलोनी चौकी पुलिस कर रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। जांच की जा रही है। मृतक के बच्चे साथ नहीं रहते हैं।

# नैंसी नर्सिंग कॉलेज में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट स्थित प्रतिष्ठित नैंसी नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के विद्यार्थियों के लिए भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

इस विशेष मौके पर मुख्य अतिथि सिगनेट होटल नैनीताल के महाप्रबंधक शशांक पॉल रहे। कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह तथा प्राचार्या प्रो. राजेश्वरी, श्रीमती हीना समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ इस विशेष मौके पर मौजूद रहे। समारोह के दौरान छात्रों ने अपने शैक्षणिक जीवन के अनुभव साझा किए तथा शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रमाण



पत्र और पदकों से सम्मानित किया गया। बीएससी नर्सिंग(2020-2024) के मेधावी छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान अंजलि जोशी व बबिता पाठक जबकि द्वितीय स्थान करिश्मा बिष्ट वहीं तृतीय स्थान निकिता रावत ने हासिल किया। जीएनएम(2021-2024) के मेधावी छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान काजल सिधु,द्वितीय स्थान आरती भोज व गीता जोशी जबकि तृतीय स्थान प्रियंका कठायत ने अर्जित किया। इस अवसर पर एमडी आईपी सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि एक पवित्र सेवा है।

आप सभी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनें और मानव सेवा के इस मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहें। कालेज की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण प्रणाली के फ लस्वरूप 60 से अधिक छात्र/छात्राओं का चयन, पाठ्यक्रम पूर्ण होने से पूर्व ही उंग दिल्ली (वैषाली) स्थित प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में हो चुका है जो संस्थान की साख और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि कालेज में संचालित प्रमुख पाठ्यक्रमबीएससी नर्सिंग,एमएससी नर्सिंग, जीएनएम, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग शामिल हैं।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक इन सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कालेज के निदेशक डा.संजय सिंह से उनके दूरभाष नंबर 8979333985 पर संपर्क किया जा सकता है। कालेज प्रबंधन के मुताबिक दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों के लिए उपलब्धि का प्रतीक रहा बल्कि पूरे नैंसी नर्सिंग कॉलेज परिवार के लिए एक गर्वपूर्ण व ऐतिहासिक अवसर बन गया।